Regarding stoppage of Ranchi-New Delhi Rajdhani Express Train No. 12453/12454 at Nagar Untari (Shri Bansidhar Nagar) Railway Station

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू):** सरकार का ध्यान एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मॉग काफी दिनों से वहां की जनता के द्वारा जा रही है । उक्त ट्रेन सप्ताह में एक दिन रॉची वाया चोपन-चुनार होते हुए नई दिल्ली तक जाती है । विदित है कि धनबाद रेलमंडल के अंतर्गत गढ़वा रोड चोपन रेल खण्ड पर स्थित नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) झारखण्ड राज्य का प्रमुख तीर्थ स्थल है, जहॉ श्री राधा-कृष्ण की 32 मन की अद्वितीय स्वर्ण प्रतिमा विराजमान है । ऐसी प्रतिमा पूरी दुनिया में कहीं नहीं है, लिहाजा यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुगण दर्शन करने आते हैं । यहॉ आने वाले श्रद्धालु श्री बंशीधर नगर को दूसरा मथुरा और वृंदावन मानते हैं । ऐसे नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) स्टेशन पर उक्त ट्रेन की ठहराव की आवश्यकता है । अतः माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि रॉची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने की कृपा की जाए ।